Dainik Bhaskar (Indore), 30th March 2026, Page- 05

आईआईटी के 'लॉन्चपैडः इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर' का उद्घाटन

इंदौर | सिंहासा स्थित आईटी पार्क का रविवार को सीएम ने दौरा कर आईआईटी द्वारा बनाए गए इन्क्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर 'लॉन्चपैड' का उद्घाटन किया। इसे विकसित करने में लगभग 10 करोड़ रुपए का इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश किया गया है। इसके अलावा 20 करोड़ रु. की राशि इस सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप को भी दी जाएगी। यह केंद्र 7 वर्षों में लगभग 100 स्टार्टअप्स विकसित करने तथा 200 से 300 रोजगार सृजित करने में भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर आईआईटी इंदौर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन और इसरो के पूर्व प्रमुख के सिवन और आईआईटी के निदेशक प्रो. सुहास जोशी उपस्थित थे।